PRINT

# दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 329667 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 01-07-2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 08 | क्रम सं. (Serial No.) 06 |

## सीआइएसएफ में आइजी रैंक के कैडर अधिकारियों में आधी महिलाएं

नई दिल्ली, एएनआइ : महिला सशक्तीकरण की दिशा में अहम मुकाम हासिल करते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) में आइजी रैंक के कैडर अधिकारियों में अब आधी महिलाएं हैं। सीआइएसएफ में इस समय चार वरिष्ठ महिला अधिकारी आइजी स्तर के पदों पर सुशोभित हैं।

सीआइएसएफ में आइजी के कुल 16 पद हैं जिनमें आधे आइपीएस के लिए आरक्षित हैं और आठ पर सीआइएसएफ कैडर के अधिकारी तैनात हैं जिनमें चार पर अब महिलाएं तैनात हैं। सीआइएसएफ का गठन 1969 में हुआ था। उधर, प्रेट्र के अनुसार, सीआइएसएफ महिला कर्मियों की शिकायतों के निवारण के लिए दिल्ली स्थित हेडक्वार्टर में स्पेशल डेस्क की स्थापना करेगी।